# तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली, मुजफ्फरपुर
## डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय,पूसा
## समस्तीपुर 848 125 बिहार

सूचना संख्या–1129/ति0कृ0महा0, ढोली, दिनांक–25/11/2023

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ति0कृ0महा0, ढोली के अंतर्गत पौधा रोग विभाग, कृषि अर्थशास्त्र विभाग, वाहन शाखा, सस्य विभाग (दलहन) तथा महाविद्यालय कैंटीन में अवस्थित अनुपयोगी एवं बेकार पड़े सामानों की (माइक्रोस्कोप को छोड़कर) नीलामी हेतु सूचना सं० 1056/ति0कृ0महा0, ढोली, दिनांक 27.10.2023 की अवधि विस्तार करते हुए सूचना सं० 1105/ति0कृ0महा0, ढोली, दिनांक 09.11.2023 के माध्यम से आमंत्रित की गयी निविदा को नीलामी समिति सदस्यों द्वारा अपरिहार्य कारणवश निरस्त करते हुए पुनः निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसकी विस्तृत विवरणी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय या विश्वविद्यालय के वेबसाईट **(https://www.rpcau.ac.in)** पर उपलब्ध विहित प्रपत्र में भरकर दिनांक 04.12.2023 को 05.00 बजे अपराह्न तक सिर्फ निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अधिष्ठाता, ति0कृ0महा0, ढोली के कार्यालय में प्राप्त की जाएगी। प्राप्त निविदा 05.12.2023 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में समिति सदस्यों के समक्ष अधिष्ठाता, तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली के कक्ष में खुलेगी। निविदादाताओं को जमानत राशि के रूप में रु0 15,000.00 (पन्द्रह हजार रुपये) मात्र का बैंक ड्राफ्ट अधिष्ठाता, ति0कृ0महा0, ढोली, मुजफ्फरपुर–843121 के नाम से निविदा पत्र के साथ जमा करना होगा, जो कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया, ढोली शाखा में भुगतेय होगा। निविदा स्वीकृति के उपरान्त निविदा की सम्पूर्ण राशि जी0एस0टी0 सहित चौबीस घंटे के अंदर सफल निविदादाताओं को जमा करना होगा एवं उन्हें सभी सामान उठा लेना होगा, अन्यथा जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी।

1. सफल निविदादाताओं को छोड़कर शेष सभी निविदादाताओं को जमानत राशि से संबंधित बैंक ड्राफ्ट निविदा समाप्ति के तुरन्त बाद उन्हें वापस कर दिया जायेगा।
2. समिति के पास किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार सुरक्षित है। निविदा पत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 25.11.2023 से 04.12.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा पत्र की सूची महाविद्यालय सूचना पट्ट के साथ कार्यालय में उपलब्ध रहेगी।
3. पूर्ण रूप से भरा हुआ निविदा पत्र जमानत राशि सहित बैंक ड्राफ्ट के साथ लिफाफा में भरकर निबंधित/स्पीड पोस्ट से दिनांक 04.12.2023 के अपराह्न 05.00 बजे तक निश्चित रूप से पहुँच जाना चाहिए। निर्धारित अवधि /समय के बाद कोई निविदा पत्र को स्वीकार नहीं किया जायेगा।
4. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, के किसी भी शाखा से निर्गत ड्राफ्ट ही स्वीकार किया जाएगा। अन्य बैंको से निर्गत बैंक ड्राफ्ट अमान्य होगा।
5. पौधा रोग विभाग से संबंधित सामानों के लिए एक ही लिफाफा में अलग से निविदा प्रपत्र भरा जाएगा, उसके लिए निविदादाताओं को जमानत राशि के रूप में अतिरिक्त बैंक ड्राफ्ट देय नहीं होगा।
6. जिन निविदादाताओं के निविदापत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में ससमय प्राप्त होगें वैसे निविदादाताओं को निविदा खुलने की तिथि को उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। जो निविदादाता उक्त तिथि को अनुपस्थित होगें उनके निविदा पत्र को नीलामी समिति द्वारा अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
7. ति०कृ०महा०, ढोली/रा०प्र०कें०कृ०वि०, पूसा से संबंधित कोई भी कर्मी इस नीलामी में भाग नहीं ले सकते हैं।

नीलामी प्रक्रिया में वही व्यक्ति शामिल होगें जिसकी जमानत राशि जमा होगी। नीलामी होने वाले सामानों (माइक्रोस्कोप को छोड़कर) को पौधा रोग विभाग, कृषि अर्थशास्त्र विभाग, वाहन शाखा, सस्य विभाग (दलहन) तथा महाविद्यालय कैंटीन, तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली परिसर में दिनांक 25.11.2023 से 04.12.2023 तक कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

बिना कारण बताए नीलामी स्थगित अथवा रद्द करने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित है।

25/11/23
अधिष्ठाता
ति0कृ0महा0, ढोली
25.11.2023

ज्ञापांक –1129/ति0कृ0महा0, ढोली, दिनांक–25/11/2023

प्रतिलिपि – संबंधित विभागाध्यक्ष, ति0कृ0महा0, ढोली, को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त नीलामी की सूचना सर्वसाधारण को अपने स्तर से भी सूचित करने हेतु सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करने की कृपा की जाए।

25/11/23
अधिष्ठाता
ति0कृ0महा0, ढोली
25.11.2023

कृ०पृ०उ०

ज्ञापांक –......................./ति0कृ0महा0, ढोली, दिनांक– ......../11/2023

प्रतिलिपि–सभी अधिष्ठाता/सभी निदेशक, डॉ0रा0प्र0के0कृ0वि0, पूसा को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि उक्त नीलामी की सूचना सर्वसाधारण को सूचित करने हेतु सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करने की कृपा की जाए।

25/11/23

अधिष्ठाता
ति0कृ0महा0, ढोली
25.11.2023

ज्ञापांक –......................./ति0कृ0महा0, ढोली, दिनांक– ......../11/2023

प्रतिलिपि – प्रभारी पदाधिकारी, ई–गवर्नेंस सेल, मुख्यालय, डॉ0रा0प्र0के0कृ0वि0, पूसा को उक्त नीलामी सूचना विश्वविद्यालय के बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

25/11/23

अधिष्ठाता
ति0कृ0महा0, ढोली
25.11.2023

कार्बन प्रति–माननीय कुलपति,डॉ.रा.प्र.के.कृ.वि., पूसा को सूचनार्थ प्रेषित।

तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली, मुजफ्फरपुर
डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय,पूसा
समस्तीपुर 848 125 बिहार

सूचना संख्या–1129/ति0कृ0महा0, ढोली, दिनांक– 25/11/2023

## निविदा प्रपत्र

तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली के अंतर्गत कृषि अर्थशास्त्र विभाग, वाहन शाखा, सस्य विभाग (दलहन) तथा महाविद्यालय कैंटीन में अवस्थित अनुपयोगी एवं बेकार पड़े सामानों की नीलामी हेतु निविदा प्रपत्र।

1. निविदादाता का नाम–
2. पिता का नाम –
3. पता (पत्राचार)–
4. पता (स्थायी)–
5. अधार संख्या (छायाप्रति के साथ)–
6 पैन कार्ड संख्या (छायाप्रति के साथ)–
7. मो0 नम्बर–
8. निविदा की प्रस्तावित राशि–
9. ड्राफ्ट जारीकर्ता बैंक का नाम एवं शाखा–
10. बैंक ड्राफ्ट संख्या एवं तिथि–

### शर्त्तों की अनुपालन संबंधी घोषण

निविदा की आवश्यक शर्त्त मैंने जान ली है, मैं वचन देता हूँ/देती हूँ कि निविदा स्वीकृत होने के बाद मैं सभी शर्त्तों का निष्ठा से पालन करूँगा/करूँगी।

निविदादाता का हस्ताक्षर एवं तिथि

तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली, मुजफ्फरपुर
डा0 राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय,पूसा
समस्तीपुर 848 125 बिहार

सूचना संख्या–...1129...../ति0कृ0महा0, ढोली, दिनांक– .25./11/2023

## निविदा प्रपत्र

तिरहुत कृषि महाविद्यालय, ढोली के अंतर्गत पौधा रोग विभाग में अवस्थित अनुपयोगी एवं बेकार पड़े सामानों (माइक्रोस्कोप छोड़कर) की नीलामी हेतु निविदा प्रपत्र।

1. निविदादाता का नाम–

2. पिता का नाम –

3. पता (पत्राचार)–

4. पता (स्थायी)–

5. अधार संख्या (छायाप्रति के साथ)–

6 पैन कार्ड संख्या (छायाप्रति के साथ)–

7. मो0 नम्बर–

8. निविदा की प्रस्तावित राशि–

9. ड्राफ्ट जारीकर्ता बैंक का नाम एवं शाखा–

10. बैंक ड्राफ्ट संख्या एवं तिथि–

### शर्त्तों की अनुपालन संबंधी घोषण

निविदा की आवश्यक शर्त्त मैंने जान ली है, मैं वचन देता हूँ/देती हूँ कि निविदा स्वीकृत होने के बाद मैं सभी शर्त्तों का निष्ठा से पालन करूँगा/करूँगी।

निविदादाता का हस्ताक्षर एवं तिथि